॥ ओ३म् ॥

प्रभु से विनय

प्रभु! आप कैसी मेरी पवित्र माँ है। हे माँ! तू कितनी भोली है, तू कितनी पवित्र है। हम तेरे आँगन में आते हैं, तू विष्णु रूप से भी कहलाई गई है। शक्ति रूपों से भी तेरा प्रतिपादन किया गया है। माँ! तू कितनी भोली है। जब हम तेरे आँगन में आते हैं, तो ज्ञान और विवेक से युक्त होकर के आते हैं, माँ! वास्तव में तू हमारे हृदय का भरण कर देती है। तू, कैसी महत्ती है। तू कैसी ममतामयी है, बालक क्षुधा से पीड़ित हो रहा है माँ, ते उसे लोरियों का पान कराती हुई, उसकी क्षुधा और पिपासा को शान्त कर देती है। इसी प्रकार हे माँ! मैं तेरे द्वार पर, विवेकी बन करके आना चाहता हूँ। मुझे शक्ति दे, बल दे, ओज दे, तेज दे। जिससे माता मैं तेरी उस महान ज्योति का दर्शन कर सकूं। तेरी जो महान ज्योति है तेरी जो करूणामयी ज्योति है, जिस करूणा से हे विष्णु! आप संसार का लालन पालन करते हैं! मैं भी तेरे द्वार पर आना चाहता हूँ। उस पिपासा में मैं रमन करना चाहता हूँ। जिस पिपासा के लिए सदैव मानव अपने में ही परणित हो जाता है।

पूज्यपाद-गुरुदेव

अंक : 534 कुल पृष्ठ संख्या समग्र अंक : 609
वर्ष : 45 44 समग्र वर्ष : 51

अनुक्रम

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
1. प्रभु से विनय	पूज्यपाद-गुरुदेव	3
2. अनुक्रम		4
3. महाराजा दिलीप का पुत्रेष्टि याग	पूज्यपाद-गुरुदेव	5-17
4. महाराजा हनुमान का सूर्य विज्ञान	पूज्यपाद-गुरुदेव	18-31
5. ऋषियों के उद्‌गार		32
6. Creation, and the Institution of National Order	Pujyapad-Gurudev	33-37
7. दान, पुस्तकों की सूची व प्राप्ति के स्थान तथा सूचना इत्यादि		38-42

नम्र-निवेदन

पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज ने अपने प्रवचनों में वेदमन्त्रों का गान करते हुए उनकी प्रचलित भाषा में व्याख्या की है। उसी अमृत वाणी को जनकल्याण के लिए ''सँहिता'' के रूप में प्रकाशित करने के लिए वैदिक अनुसन्धान समिति सभी श्रद्धालु एवम् दानदाताओं से सहयोग के लिए आह्वान करती है जिससे कि प्रकाशन का कार्य सुचारू रूप से ऊर्ध्वा गति को प्राप्त होता रहे। सहयोग की राशि समिति के बैंक खाते में स्वेच्छानुसार भेजने के लिए बैंक का विवरण निम्न प्रकार से है :-

वैदिक अनुसन्धान समिति (पञ्जी.)
पंजाब नैशनल बैंक, खान मार्केट, नई दिल्ली
बैंक खाता नं. - 0149000100229389, IFSC Code – PUNB–0014900
website : www.shringirishi.in
Email : contact@shringirishi.in

आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ।

।। ओ३म् ।।

महाराजा दिलीप का पुत्रेष्टि याग

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस पवित्र वेद वाणी में उस मेरे देव परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है क्योंकि परमपिता परमात्मा इस जगत् को धारण करने वाला है। हमारे अन्तर्हृदय में वह देव विद्यमान रहते हैं और उसकी ही मनोनीत अनुपम जो क्रियाएँ हैं वह चाहे इस पृथ्वी मण्डल में हों, चाहे मंगल और बुद्ध में क्यों न हों, परन्तु उसका जो क्रियाकलाप चल रहा है, अथवा उसमें जो क्रियाएँ रत्त हो रही हैं वे उस मेरे देव की प्रतिभा कहलाती है अथवा ये उसकी महानता का दिग्दर्शन हो रहा है, जिस महानता के दिग्दर्शन को ले करके मानव परम्परागतों से ही विचार-विनिमय करता रहा है। नाना प्रकार की शालाएँ, नाना प्रकार का विचार मानव के समीप आता रहता है और जितने भी दार्शनिक हुए हैं अथवा विज्ञानवेत्ता हुए हैं वे सर्वत्र देव की प्रतिभा अथवा उसके ज्ञान और विज्ञान को चिन्तन में लाने का एक विषय बनाते रहते हैं। और उसके ऊपर मनन और चिन्तन होता रहता है।

मानो देखो इससे पूर्व काल में मेरे प्यारे! महानन्द जी ने अपने बहुत से विचारों को व्यक्त किया। इन विचारों में राष्ट्रीयता और इनके हृदय की जो विडम्बना है वो बड़ी विचित्रत्व को धारण किए हुए थी, जिनके ऊपर हमें भी आश्चर्य होता रहता है कि मानव इतनी विडम्बना करता रहता है और मानव का विचार एक सूत्र में लाने का है और

सूत्र एक महान पवित्र और सूत्रमयी धारा कहलाती है, जिसको हम आचार कहते हैं, उसी धारा को ले करके मानव अपने जीवन को उद्‌बुद्ध करता रहा है। जितना भी विज्ञान है और परमाणुवाद है, जितना भी विज्ञान है वह मानव के हृदय में, धाराओं में एक चिन्तन का विषय बन करके रहा है। इनके ऊपर हम परम्परागतों से एक महान विचार और चेतन्यवत् की प्रतिभा का दिग्दर्शन करते रहते हैं।

इसके पूर्व काल में हम राजा की और धेनु की कुछ चर्चाएँ कर रहे थे और धेनु की और राजा की ये चर्चाएँ कीं। ये धेनु है तो राष्ट्र है और राष्ट्र से तो धेनु है, दोनों का परस्पर समन्वय रहता है, दोनों का एक समय साम्यवत् विचार रह कर के एक-दूसरे की सम्मति और एक-दूसरे में पिरोया हुआ तारतम्य कहलाता है तथा एक सूत्र कहलाता है। जिसके ऊपर मुनिवरो! देखो परम्परागतों से ही मानव अपने में अन्वेषण करता रहा है, विचार-विनिमय करता रहा है। उसी सूत्र की चर्चाएँ हमारे ऋषि-मुनियों के क्षेत्र में होती रही हैं।

महाराजा दिलीप जी की इच्छा

इससे पूर्व काल में हम वसुन्धरा, धेनु और नन्दनी की चर्चाएँ करते रहे हैं। राजा उस नन्दनी की और धेनु की रक्षा करता रहा है। जब सर्वत्र राष्ट्र का भ्रमण करने के पश्चात् महाराजा दिलीप नन्दनी को ले करके अपने राष्ट्र में आए, मुनिवरो! बारह वर्ष का उन्होंने कठोर तप किया, बारह वर्ष नन्दनी के साथ और ऋषि-मुनियों का जो विचार और समन्वय होता रहा और आत्मा-परमात्मा की चर्चाएँ, मोक्ष और अमोक्ष की चर्चाएँ भिन्न-भिन्न प्रकार की चर्चाएँ उन वाक्यों में उनके तपस्या काल में ऋषि-मुनियों के उन्हें समागम से प्राप्त हुईं।

परन्तु जैसे हम उन वाक्यों को पूर्णता देना चाहते हैं—मुझे स्मरण है जिस सभा में ऋषि वशिष्ठ और विभाण्डक मुनि महाराज विद्यमान थे। महर्षि विभाण्डक ने और महात्मा वशिष्ठ मुनि, महाराज विश्वामित्र

नाना ऋषिवर विद्यमान थे, परन्तु यह विचारा गया कि जब महाराजा दिलीप का तपस्या का काल समाप्त हो गया है अब पता किया जाए कि वो क्या चाहते हैं? महर्षि वशिष्ठ मुनि महाराज और माता अरुन्धती ने यह कहा कहो राजन्! आज तपस्या का काल पूर्ण हो गया, तुम चाहते क्या हो?' क्या इच्छा है तुम्हारी? तो महाराजा दिलीप जी ने यह कहा, प्रभु! ये जो हमारा वंश है इसमें महान् से महान् तपरस्वी राजा हुए, राष्ट्र नायक हुए हैं। परन्तु उसके पश्चात् भी राष्ट्र का जो भविष्य है मुझे अन्धकारमय दृष्टिपात आता रहा है और वह अन्धकार कैसा है? वह अन्धकार ऐसा है जो सहनीय नहीं है। हम उसको सहन नहीं कर सकते। पुत्र का न होना राजा के यहाँ एक राष्ट्र का अन्धकार दृष्टिपात आता रहा है। तो मुनिवरो! देखो महर्षि वशिष्ठ ने कहा, हे राजन् तुम ऋषियों के द्वारा पुत्र याग करो, पुत्र याग करने से देवताओं का हृदय में वास, आत्म-बल की विशेषताएँ, तुम्हारा परमाणुवाद पुनः से जागरूक हो जाएगा।

पुत्रेष्टि याग की प्रेरणा

महाराज दिलीप जी ने कहा कि प्रभु मुझे बारह वर्ष हो गए हैं, मैं कामधेनु और नन्दनी के गौ-दुग्ध ग्रस्त में याग कर रहा हूँ जिससे वायु मण्डल में वक्रता आ जाती है। महाराजा दिलीप जी के वाक्य सब स्वीकार कर परन्तु उन्हें भी यह ही प्रेरणा दी गई कि तुम पुत्रेष्टि याग करो। नाना प्रकार के उत्तम साकल्य को पान करना—महाराजा दिलीप जी प्रातःकालीन सूर्य जैसे मग्न होता है, प्रातःकाल में प्रकाश को ले के आता है इसी प्रकार महाराजा दिलीप सूर्य के साथ उदय होते ही अन्तर्हृदय में मग्न रहे हैं, अन्तर्हृदय में कुछ वाक्य का अनुभव हो रहा है। जैसे सूर्य नाना प्रकार की प्रतिभा देता है, नाना प्रकार का प्रकाश दे करके मानव के जनजीवन को पवित्र बनाता है, इसी प्रकार महाराजा दिलीप अपने मानवीय जनजीवन को ऊँचा बनाने के लिए मग्न हो रहे हैं।

साधना का द्वार

हमारे ऋषि-मुनियों ने यह कहा कि जो मानव साधना में रत्त रहना चाहता है वह प्रातःकालीन चार घड़ी के लगभग अन्तर्हृदय में मग्न होता रहता है, अपने परमाणुवाद को वह बलिष्ठ और देखो उल्लास देने वाला हो, उल्लास देता रहे जिससे अन्तरात्मा पुनः से पवित्रता की वेदी को अपनाने वाला हो। सूर्य जैसे रात्रि को अपने गर्भ में धारण कर लेता है इसी प्रकार देखो ये जो विज्ञानवेत्ता है जो महान् अपने अन्तर्हृदय को सूर्य से समन्वय कर रहा है, वह मग्न और अनन्यता की धारा में रत्त रहने के लिए तत्पर है।

याग की रचना

वह सदैव महाराजा दिलीप जी अपने में आनन्दित होकर के अपने में प्रकाश की धारा को अपनाकर के आनन्दमयी महानता की धारा को अपने में धारण करते रहे और उस धारणा का परिणाम यह हुआ कि महाराजा दिलीप ने पुत्र याग की रचना की। इसमें नाना ऋषिवर विद्यमान थे। महर्षि विभाण्डक और श्वेताश्वेतर भी विद्यमान थे, महर्षि वशिष्ठ और विश्वामित्र विद्यमान हो करके मुनिवरो! देखो पुत्र याग की रचना की और पुत्र याग में सङ्कल्प होता रहता था, यजमान अपने में प्रसन्न हो करके सङ्कल्प करते हैं, श्रोताजन अपने में सङ्कल्प करते हैं।

वायुमण्डल को उसी प्रकार का निर्माणित करते हैं और उसके पश्चात् याग का प्रारम्भ होता है। उसी याग में उसी याग की अग्नि में तपा हुआ चरु यजमान सोपान करता है। पंडितगण भी उसी को पान करते हैं। यज्ञमय चरु को तपाया जाता है और उस चरु का पान किया जाता है। और वह परमाणुवाद की प्रतिभा का जन्म हो जाता है। विचार-विनिमय क्या? मुझे कुछ ऐसा स्मरण है कि याग प्रारम्भ हुआ, सङ्कल्पोमयी याग का प्रसारण आरम्भ हो गया।

याग में महर्षि चोटवत् का आगमन

जैसे राजा के यहाँ याग हो रहा था, तो कहीं से भ्रमण करते हुए महर्षि चोटवत् यज्ञशाला में आ पहुँचे। तो चोटवत् ऋषि महाराज के समीप उनके बहुत से शिष्य भी विद्यमान थे। चोटवत् ऋषि महाराज ने महाराजा दिलीप से कहा, तुम क्या कर रहे हो? उन्होंने कहा, मैं पुत्रेश याग कर रहा हूँ। 'यागाम् भवतु वायुमण्डल लाभप्रियता' ऋषि ने कहा। वायुमण्डल का निर्माण कर रहे हैं दिलीप जी ने कहा। चोटवत् ऋषि महाराज ने कहा महाराज ऐसा क्यो कर रहे हो? उन्होंने कहा मैं अपने राष्ट्र के लिए उन्नत क्रियाकलाप कर रहा हूँ। मैं याग कर रहा हूँ, देवताओं को तो मेरे अन्तर्हृदय में यज्ञशाला में क्रियाकलाप कर रहा है, उन देवताओं को बलिष्ठ बनाना चाहता हूँ। उन्होंने कहा, वे देवता कौन हैं तुम्हारे शरीर में? उन्होंने कहा, वह देवता मेरे शरीर में वायु, जल, तेजस्व को धारण करने वाले हैं।

उन्होंने कहा, बहुत प्रियतम, परन्तु ये जो तुम्हारा याग हो रहा है मैं इसकी प्रतिभा को अब तक नहीं जान सका हूँ, हे राजन्! उन्होंने कहा, प्रभु! जानने का प्रयास कीजिए। अग्न्याधान हो रहा था, समिधा अपने में प्रकाश दे रही थीं। समिधा के द्वारा ऋषि कहते हैं हे समिधा, तू प्रदीप्त हो करके प्रकाश को दे रही है इसका क्या तात्पर्य है? उन्होंने कहा, मानव वही प्रकाश देता है जैसे समिधा अपने को अग्नि में परणित कर देती है और वे समिधा उद्बुद्ध हो करके प्रकाश बनकर के आती है, इसी प्रकार जो मानव अपनेपन की प्रतिभा को नष्ट कर देता है और अपने को नष्ट करके दूसरों को प्रकाशित कर रहा है। तो समिधा जैसे अपनेपन को समाप्त करके प्रकाश देती है, ऐसे ही प्रत्येक प्राणी अपनी ममता को त्यागकर के, अहम् भाव को त्याग करके, संयमी बनकर के परमात्मा को साक्षी बना करके वे गौ प्रकाश में और दूसरे गौ प्रकाश में मिलाता है। बड़ी विचित्र बात ऋषि ने प्रकट की। वे समिधा के रूप में शब्दों की ध्वनियाँ ध्वनित हो रही हैं, इस ध्वनि को

अपने में कल्पना करता रहता है तो मानव कल्पना कर रहा है, वे ध्वनियों में परणित हो करके याग दूरियों के द्वारा जाना है। अब दूरी कहता है कि मानव को अपना हृदय याग में परणित करना चाहिए।

अग्रणीय प्रवृत्ति

जैसे यजमान ने अपने को समावेश कर दिया, तो मुनिवरो! देखो नाना साकल्य चरु के द्वारा भ्रमण करते हुए और ऊँची कल्पना करते हुए वे ज्यादा प्रवृत्ति में अग्रणीय बन गए और अग्रणीय बनने का परिणाम यह हुआ कि हम मानवता की इस महानता में परणित हो के अपनी महानता को ऊँचा बनाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। मेरे पुत्रो! देखो, यह याग एक माह तक पुत्रेश याग चलता रहा, न्योदामयी मन्त्रों का उच्चारण होता रहा। न्योदामय मन्त्रों का उच्चारण होता रहा, उसको मेरे प्यारे! स्वाहा कह करके वायुमण्डल में परणित करना है, अपने स्वार्थ के साथ में अपने में सुमति को धारण करना है, जिससे इसको कार्यरत किया और आध्यात्मिक याग क्रियाकलाप के महानता में परणित हो। तो विचार-विनिमय क्या? मैं अपने विचारों को दूरी में ले न जाऊँ, एक माह के पश्चात् में याग पूर्ण हुआ।

याग की दक्षिणा

जब याग पूर्ण होने लगा तो पूर्णता को प्राप्त करने के पश्चात् अब ब्रह्मा इत्यादि को दक्षिणा प्रदान की जाने लगी। जब दक्षिणा का समय आया तो मुनिवरो! देखो, गऊओं को प्रदान करने लगे द्रव्य मुद्रा को परन्तु **पुरोहित कहता है–यजमान से कहता है,** यजमान मैं तेरी गऊएँ और द्रव्य नहीं चाहता हूँ। मैं तेरी कामधेनु नन्दनी को ऊर्ध्वा में ले जाता हूँ। जैसे महर्षि वशिष्ठ मुनि महाराज को कामधेनु इन्द्र से प्राप्त हुई, ऐसे ही हे राजन्! तुम्हें भी ये कामधेनु इन्द्र से प्राप्त हुई थी, देवताओं की सभा से अब तो उसी गौ के द्वारा याग कर रहे थे, याग के कर्मकाण्ड की प्रतिभा को एक महान बना रहे थे। तो देखो

मैं, राजन्! यह चाहता हूँ पर मैं मुद्रा नहीं चाहता। मैं यह चाहता हूँ कि तुम्हारा राष्ट्र पवित्र बना रहे और तुम्हारे गृह में सुन्दर-पवित्र सुसज्जित सन्तान का जन्म हो।

जब राजलक्ष्मी उन्हें दक्षिणा प्रदान करने लगी तो मुद्रा तो देना ही था परन्तु देखो उन्होंने कहा प्रभु, मैं क्या दान देकर आपको दक्षिणा प्रदान करना चाहती हूँ, आप क्या चाहते हो? और ऋषि ने कहा हे देवी माता! मेरे हृदय की यह कामना है कि मैं तुम्हारे गर्भ से ऊँचे सन्तान को चाहता हूँ। जब पुरोहित ने यह कहा तो राजलक्ष्मी ने ऋषि से कहा हे प्रभु ये कैसे हो सकता है? उन्होंने कहा कि भगवन् मुझे आप बल दीजिए; शक्ति प्रदान कीजिए। उन्होंने उन्हें शक्ति प्रदान की, शक्ति की उन्हें निष्ठा कराई, वेद मन्त्रों की ध्वनियों का उद्गान गाने लगी। परिणाम यह हुआ उन्होंने ये सङ्कल्प कर लिया कि अपने गर्भ से ऊँचे सन्तान को जन्म अवश्य देंगी। गायत्राणी छन्दों का पठन-पाठन होने लगा और मुझे कुछ ऐसा स्मरण है कि महाराजा दिलीप जी की जो पत्नी सुलक्षणा थीं वे सदैव वेदों की ध्वनि में रत्त रहती थीं और राजा दिलीप जी भी इसी में रत्त रहते थे। ब्रह्मचरिष्यामि का पालन करते रहते थे। प्रत्येक मानव के हृदय में ये कामना बनी रहती है कि मैं ब्रह्मचरिष्यामि बनना चाहता हूँ। ब्रह्मचरिष्यामि तो विद्यालयों में बना करता है, ब्रह्मचारी यौगिक प्रतिक्रियाओं में रत्त रह करके अपने सङ्कल्प मात्र से ऊँचा बनता है।

महाराजा दिलीप और सुलक्षणा जी का जीवन

महाराजा दिलीप जी अपने में ब्रह्मचारी और तपस्वी तपश्चर कहलाते थे। उनकी पत्नी सुलक्षणा भी तपश्चर कहलाती थीं जिसके ऊपर उनकी महान प्रतिक्रिया व क्रियाएँ उनके जीवन की धाराओं का उद्बुद्ध होने जा रहा था। परिणाम क्या देखो राजा दिलीप प्रातःकालीन गऊओं की सेवा करते थे, गऊओं की सेवा करके, दुग्धाहार करते हुए

अपने जीवन का पालन और सुलक्षणा स्वयं कला-कौशल करती हुई उस अन्न को ग्रहण करती रहीं। राजा दिलीप और वह दोनों कृषि उद्गम करते, उस अन्न को पान करते, तपस्या में जीवन को व्यतीत करना, वह राजा का कर्त्तव्य है।

मेरे प्यारे! महानन्द जी ने इससे पूर्व काल में मुझे यह वर्णन कराया था कि रूढ़ियाँ समाप्त होनी चाहिए। मैं तो इतना रूढ़ियों को जानता नहीं। महानन्द जी विशेष जानते थे परन्तु देखो, **धारणा और मानवता को ऊँची बना करके जीवन को व्यतीत करना चाहिए।** राजा यह चाहता है कि मेरा राष्ट्र पवित्र बने, तो राजा स्वतेज पवित्र बनाना राजा को होगा। महाराजा दिलीप के काल में मैंने यह पान किया कोई राजा के राष्ट्र में हिंसक प्राणी नहीं था। सदैव अहिंसा परमोधर्मः को अपनाने वाला था, ऋषि-मुनि उद्गान गाते रहते थे, तो सिंहराज और सर्पराज भी उन प्रवृत्तियों को अपनाने वाले थे। मृगराज अपने में महान् रहता था परन्तु अपना-अपना क्रियाकलाप करता रहता। वह काल मुझे जब स्मरण आता है तो अन्तर्हृदय गद्गद् हो जाता है।

मैं अपने प्रभु से यही कहता रहता हूँ, हे प्रभु! राष्ट्र को कितना आत्मविश्वासी होना चाहिए। महाराजा दिलीप रात्रि समय अपनी प्रजा के द्वार-द्वार पर भ्रमण करते रहते थे कि कोई मेरे राष्ट्र में दुःखी तो नहीं है, अन्न से पीड़ित तो नहीं है। जैसा मेरे पुत्र महानन्द जी ने कहा था जिस राजा के राष्ट्र में देखो अपने-अपने मानवत्व को द्रव्य के बदले दे करके उदर की पूर्ति करता है वह राष्ट्र नहीं हुआ करता है। महाराजा दिलीप जी सदैव अपने राष्ट्र में नन्दनी को साथ ले करके भ्रमण करते रहते थे। गृह-गृह में प्रातःकालीन वेद ध्वनि हो रही है, याग हो रहे हैं, सब एक-दूसरे के ऋणी, राजा के राष्ट्र में जहाँ राजा प्रजा का ऋणी है और प्रजा राजा का ऋणी है, प्रजा-राजा दोनों न होने के तुल्य कहलाते थे।

महानन्द जी के शब्दों को कल मैंने इससे पूर्वकाल में भी हमनें श्रवण किया। मुझे इसके नीचे हृदय की विडम्बना हमारे हृदय की तो

कोई विडम्बना नहीं है। राजा रावण का ऐसा काल था जो राजा राम भी प्रजा को सुखी दृष्टिपात करना चाहता था। परन्तु देखो राम के काल में भी प्रतिदिन याग होते थे। राजा का राष्ट्र तो उस काल में, जैसा महानन्द जी ने पूर्वकाल में प्रकट किया, पवित्र होता है जब राजा एक महान् है, लगभग चार दिवस ब्रह्मवेत्ताओं के द्वारा अपने जीवन को वेदोमय करता और ऋषि-मुनि जो तपस्वी होते हैं, ब्रह्मज्ञानी होते हैं, ब्रह्मज्ञान मानव धर्म प्राप्त करता है। जिन राजा के राष्ट्र में गौ धेनु तपाये जाते हैं, **गौ धेनु कौन हैं?** विचार आता है प्रत्येक मानव की जो इन्दियाँ हैं, ये गौ कहलाती हैं ये तपी होती हैं, जानो यह जो विद्यालय महान् है।

दूषित अन्न की प्रतिभा

मुझे स्मरण आता रहता है जिस समय महाराजा उद्दालक मुनि महाराज अपने विद्यालय में शिक्षा ब्रह्मचारियों को देते थे, तो एक समय महर्षि गौतम भ्रमण करते हुए तो वेशतम राजा के यहाँ जा करके उन्होंने अन्न ग्रहण करना और वेशतम राजा ने अपना एक याग किया था और उन्होंने राष्ट्र को स्वयँ भ्रोभोव किया और भ्रोभोव में उन्होंने अन्न ग्रहण किया, उसमें कुछ दूषित अन्न की प्रतिभा का जन्म था, अन्न की प्रतिभा थी। तो ऐसा मुझे स्मरण है अर्ध रात्रि में उनकी बुद्धि भ्रमित हो गई और जब भ्रमित हो गई तो ब्रह्मज्ञान आने से नहीं आ रहा। जो तमोगुण की प्रवृत्ति थी वह बलवती बन गई, सतोगुण की प्रवृत्ति ने रजोगुण और तमोगुण दोनों अपने में समावेश कर लिया।

महर्षि गौतम मुनि महाराज प्रातःकाल हुआ। प्रातःकालीन जब याग प्रारम्भ हुआ तो उनके यहाँ विशिष्ट ब्रह्मचारी सत्यकाम ने याग का प्रारम्भ किया और पूज्यपाद गुरुदेव को कहा कि भगवन्! कोई ब्रह्मचारियों को उपदेश कीजिए। गौतम ने कहा कि मेरे हृदय में नहीं आ रहा है ब्रह्मचारी मैं क्या करूँ? ऐसा कहा जाता है मुनिवरो! देखो समाहित हो करके गुरु अन्तर्हृदय को अपने अन्तर्हृदय से मिलान किया,

गुरु के अन्तःचित्त के मण्डल को अन्तःकरण को अपने अन्तःकरण दोनों को जब मिलान किया तो गुरु का अन्तःकरण अन्तर्हृदय दूषित अन्न के प्रवाह से अशुद्ध तरङ्गों का जन्म हो रहा था, तो महर्षि आचार्य गौतम से कहा कि प्रभु आपके हृदय में अशुद्ध धाराओं का जन्म हो रहा है, आपकी बुद्धि भ्रमित हो गई है।

महर्षि गौतम का बारह वर्ष का अनुष्ठान

गौतम ने कहा, सत्यकाम यथार्थ कहते हैं। भगवन् अब क्या किया जाए? तो महात्मा गौतम ने उत्सव को पुनः लाने के लिए बारह वर्ष का अनुष्ठान किया और वह बारह वर्ष का कैसा अनुष्ठान? जल को पान करना है और वायुमण्डल से खेचरी मुद्रा में प्राणायाम करने से उस वायु में से पोषक तत्त्व को लेना है। बारह वर्ष का उन्होंने तप किया और तप करने के पश्चात् पुनः उनके द्वारा तपस्या की प्रतिभा, ब्रह्मज्ञान पुनः प्राप्त किया। तो वे राजा के यहाँ पहुँचे। बारह वर्ष के पश्चात् और राजा से कहा, हे राजन्! तेरा राष्ट्र पवित्र नहीं है, तेरे यहाँ राष्ट्र को जो अन्न आता है, वह दूषित है। तुम अपने-अपने राष्ट्र को ऊँचा बनाओ। उनके यहाँ चार दिवस वायु का सेवन करके और राजा को ब्रह्मज्ञान कराके वह स्वतः प्रजा में अपने में एक-दूसरे के ऋणों से उऋण होने का प्रयास करते हैं।

पवित्र राष्ट्र

मेरे पुत्रो! देखो मुझे ऐसा स्मरण है कि इसी प्रकार यदि राजा को ऊँचा बनाना है। मेरे प्यारे! महानन्द जी ने मुझे कल बहुत ऊर्ध्वा में आचार सँहिता के सम्बन्ध में चर्चा की। आचार्य उस काल में ऊँचा बनता है गौतम की भाँति अनुष्ठान करता है, तो उसका अनुसरण करने वाला ब्रह्मचारी बना करता है। ब्रह्मचारी कैसे ऊँचा बनता है विद्यालयों में? मेरे पुत्र महानन्द जी ने कल एक बात बहुत प्रिय कही मुझे लग रहा था कि आचार्यों के विद्यालयों में आचार सँहिता होनी चाहिए। जो आचार्य क्रोध

में तल्लीन होता है, क्रोध के पश्चात् उसे मोह की प्रतिभा का जन्म होता है, तो उसके विद्यालय में ब्रह्मचारी एक रस वाला ब्रह्मचारी का निर्माण नहीं हो सकता। एक रस वाला वहाँ होता है जहाँ आचार्य अपने हृदय से तपस्या करता है, अनुष्ठान करता है, प्राणायाम करता है, अन्न का शोधन करता है, प्राणायाम से वायु पोषक तत्त्वों से अपने जीवन की धारा का पान कर रहा है, तो ब्रह्मचारी उसका अनुष्ठान करता है।

वह ब्रह्मचारी विद्यलाय से निकल करके राष्ट्र में भी जाएगा तो अपने ब्रह्मज्ञान की प्रतिभा का प्रकाश देता रहे आधुनिक काल में जैसा मेरे पुत्र ने मुझे वर्णन कराया, वर्तमान के ब्रह्मचारियों की व्याख्या यही की है कि ब्रह्मचरिष्यामि को गमन करके ब्रह्मचरिष्यामि को नहीं लाया जा सकता। ब्रह्मज्ञानी ब्रह्मचरिष्यामि वही बनता है जो ज्ञान के द्वारा जिसका शोधन होता है और जिसका केवल भय से शोधन करना चाहता है, शोधन नहीं होता। भय की प्रतिभा का विनाश होते ही मानव देखो वे पुनः निर्लज्जता में परणित हो जाता है। वह भी तपस्या नहीं कहलाती, तपस्या वह है जो ज्ञान के द्वारा ब्रह्मचरिष्यामि ब्रह्मचारी बनता है, जाप के द्वारा राष्ट्र अपने राष्ट्र का, कर्त्तव्य का पालन करता है, प्रजा के त्रास से नहीं। अपने अन्तर्हृदय के त्रास से जो राजा राष्ट्र का पालन करता है वह राष्ट्र पवित्र बनकर के रहता है और जो प्रजा की भयभीयता से लोकाचार से रहता है पवित्र नहीं होता।

पूज्यपाद गुरुदेव द्वारा अध्यापन

बहुत पुरातन काल में एक सौ एक (101) वर्षों तक महाराजा अश्वपति के यहाँ अध्यापन का सौभाग्य मुझे प्राप्त होता रहा। मैंने ब्रह्मचारियों को दृष्टिपात किया। ब्रह्मचारी विद्यालय से जा रहा है उसके पीछे-पीछे आगे प्रकाश जा रहा है, आ रहा है ब्रह्मचारी आ रहा है ब्रह्मवेत्ता। परन्तु देखो जिस प्रकार की ध्वनियाँ होती रहती हैं, वो राष्ट्र व समाज में ब्रह्मचारी राष्ट्र की सम्पदा बन करके राष्ट्र समाज को ऊँचा बना करके रहता है।

महाराजा रघु का जन्म

आज मैं विशेष चर्चाएँ देने नहीं आया हूँ। विचार ये दे रहा था कि राजा दिलीप के यहाँ पुत्रेश याग हुआ और पुत्रेशयाग हो करके, उनकी पत्नी सुलक्षणा, महाराजा दिलीप के यहाँ उस याग के प्रभाव से ब्रह्मज्ञान नन्दनी के अनुष्ठान से उसके गृह में पुत्र का जन्म हुआ था, जिसका नामोकरण महाराजा रघु के नाम से उनका प्रतिपादन हुआ। महाराजा दिलीप के रघु हुआ था।

याग और गौ रक्षा पर बल

मैं ये चर्चाएँ तो आज देना नहीं चाहता हूँ। विचार केवल हमारा यह है कि हम परमपिता परमात्मा की आराधना करते हुए, देव की महिमा, का गुणगान गाते हुए, राजा के राष्ट्र में याग होने चाहिए, याग की सुगन्धि होनी चाहिए, विचारों की सुगन्धि हो, वायुमण्डल में यागों की सुगन्धि हो, धनेध्य को धेनु धानी पवित्र होनी चाहिए और उसी के साथ गऊ की रक्षा होनी चाहिए।

मेरे प्यारे! महानन्द जी गौ-रक्षा के विचार देते रहते हैं, हम भी देते रहते हैं। किसी भी काल में ऐसा नहीं हुआ जहाँ गऊ की रक्षा न हो। गौ चाहे इन्द्रिय रूप में हो, गौ चाहे पशु रूप में हो? गौ चाहे सूर्य की किरणों के रूप में हो, गौ चाहे पृथ्वी बनकर के रहे, इनकी सदैव रक्षा होती रहती है और देखो ऐसा काल नहीं आया इसकी ध्वनियों में ध्वनित होने वाला समाज अपने में समर्थ नहीं हो पा रहा।

परन्तु आज का विचार-विनिमय क्या? हम परमपिता परमात्मा की आराधना करते हुए देव की महिमा का गुणगान करते हुए, सदैव अपने जीवन को नवीन बनाते रहें, क्योंकि विचारों में वृद्धपन नहीं हो सकता है। सदैव सत्य ही रहता है वृद्धपन वहाँ रहता है, वृद्धपन वहाँ आता है जहाँ मानव की अन्तःकरण से मृत्यु हो जाती है। ये आज का विचार हमारा क्या कह रहा है? आज का विचार ये कह रहा है कि हमारा

राष्ट्र यहाँ विचारों में इस प्रकार पवित्र हो आहारमय विज्ञान बहुत ऊर्ध्वता वाला होना चाहिए।

प्रकाश में ओत-प्रोत होने की प्रेरणा

मैं इससे पूर्व–कल समय मिलेगा हनुमान के विज्ञान की चर्चाएँ कल प्रकट करेंगे कि हनुमान जी ने सूर्य को कैसे अपने मुखारबिन्दु में लिया और उन्होंने पूजा का कैसे प्रचार किया। ये चर्चाएँ हम कल प्रकट करेंगे। आज का वाक्य समाप्त होने जा रहा है। मैंने ये वाक्य पुनरुक्तियाँ भी कीं, जो होती रहती हैं। अपने विचारों में विद्यायुक्त हो करके अपने जीवन को महान बनाना ये हमारा कर्त्तव्य है। आहार और व्यवहार जब तक पवित्र नहीं बनेगा, जब तक पवित्र नहीं बनेगा जब तक रूढ़ियाँ महानन्द जी के कल्पनानुसार समाप्त नहीं होंगी और रूढ़ि समाप्त नहीं होगी तो राष्ट्र भी पवित्र नहीं बनेगा, क्योंकि वेद नाम प्रकाश का है और वेद का प्रकाश जब तक राजा के राष्ट्र में, राजा के गृह में, उसके हृदय में ओत-प्रोत नहीं हो जाता तब तक राष्ट्र वेदी कदापि नहीं बन सकती।

ये आज का विचार समाप्त और वेद का पठन-पाठन होगा। इसके पश्चात् हमारा वाक्य ये क्या कह रहा है कि **प्रत्येक गृह में याग होना चाहिए।** यागों की चर्चा पुनः-पुनः हम करते रहते हैं। आज का वाक्य समाप्त, वेदों का पठन-पाठन।

वेद पाठ .....

पूज्य महानन्दजी–अच्छा भगवन्! आज्ञा।
पूज्यपाद-गुरुदेव–ओ३म् शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

दिनाँक : 28 फरवरी, 1985
समय : दोपहर 3 बजे
स्थान : लाक्षागृह बरनावा

।। ओ३म् ।।

महाराजा हनुमान जी का सूर्य विज्ञान

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद वाणी में उस मेरे देव परमपिता परमात्मा की महती का वर्णन किया जाता है, क्योंकि वह परमपिता परमात्मा वरणीय माने गए हैं।

जो भी मानव उसे अपना वरणीय बना लेता है अथवा उसे वर लेता है उसी को प्राप्त हो जाता है। तो इसलिए प्रत्येक मानव को उस परमपिता परमात्मा को अपना वरणीय स्वीकार कर लेना चाहिए, क्योंकि वह वरणीय महान् और पवित्र कहलाता है। जिसकी महानता का दिग्दर्शन मानव के हृदयों में परणित रहता है और महापुरुषजन सूक्ष्म चिन्तन करते हुए उसे अपने अन्तर्हृदय में उसका दिग्दर्शन करते रहते हैं जो कि साधना के क्षेत्र में परणित हो जाता है।

परमात्मा का दिग्दर्शन

वे शान्त मुद्रित हो करके उस परमपिता परमात्मा को अन्तर्हृदय में ध्यानावस्थित हो जाते हैं। तो इसलिए परमपिता परमात्मा वरणीय माने गए हैं। जो भी मानव उसका वरण कर लेता है, उसी को प्राप्त हो जाता है। इसलिए हमारे ऋषि-मुनि उस परमपिता परमात्मा के सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न प्रकार की उड़ाने उड़ते रहे हैं। और उनकी उड़ान बड़ी विचित्र रही है। कोई वैज्ञानिक बन करके उसको बाह्य जगत में

उसका दृष्टा और उसको अपने में दृष्टिपात बाह्य जगत में कर रहा है। **जो अपने अन्तर्हृदय में और बाह्य जगत् दोनों को अपने में समावेश करना जानता है, वह परमात्मा का दिग्दर्शन करता है, उस महान देव को अपने में दृष्टिपात करता रहता है।** जिससे मेरे प्यारे! उस परमपिता परमात्मा की अनुपमता अथवा महानता का प्रायः दर्शन होता रहता है।

आज का हमारा वेद मन्त्र हमें कुछ प्रेरित कर रहा है, हमें कुछ अपने में अपनेपन का दिग्दर्शन करा रहा है क्योंकि प्रत्येक वेद मन्त्र में संसार का ज्ञान और विज्ञान निहित रहता है। जितना भी ज्ञान और विज्ञान है वह प्रत्येक वेद मन्त्र में निहित हो करके दृष्टिपात आता है। जब मैं उस परमपिता परमात्मा की महती और उसकी आनन्दमयी ज्योति को अपने में धारण करने का समावेश वेद मन्त्रों में दृष्टिपात अथवा उसकी निहितता का दर्शन करते हैं तो वह काल स्मरण आने लगता है, जिस काल में अपने वेद की आभा मन्त्र को लेकर के नाना प्रकार के यज्ञों का निर्माण करते रहे हैं। नाना प्रकार के विज्ञान में, धाराओं में रत्त रहे हैं।

सूर्य निगला नहीं जाता

हमारे यहाँ बहुत पुरातन काल हुआ–वह त्रेता का काल था जिस काल में मुनिवरो! देखो, ऋषि मुनि अपने में विद्यमान हो करके विज्ञान की उड़ानें उड़ते रहते, नाना प्रकार की आभा में रत्त रहा करते थे। मुझे एक समय प्यारे! महानन्द जी ने ऐसा प्रकट कराया, उसका उत्तर तो प्राप्त हो गया, परन्तु वह वाक्य बड़ा विचित्र मुझे दृष्टिपात हुआ कि मानव समाज कहता है कि महाराजा हनुमान ने सूर्य को अपने मुखारबिन्दु में परणित कर लिया था और उसको निगल लिया था। वह निगला नहीं जाता, सूर्य निगला नहीं जाता है उसकी विद्या को निगल लिया करते हैं।

महर्षि काकभुषण्ड जी महाराजा हनुमान के प्रश्नोत्तर

मुझे स्मरण आता रहता है एक समय महर्षि लोमश और महर्षि काकभुषण्ड जी और महाराजा जामवन्त मुनिवरो! देखो महाराजा हनुमान एक स्थली पर विद्यमान थे। तो काकभुषण्ड जी से एक प्रश्न किया गया। हनुमान जी बोले कि प्रभु मैं सूर्य विद्या को निगलना चाहता हूँ, कैसे निगलूँ? काकभुषण्ड जी ने कहा कि तुम विज्ञान के माध्यम से निगलना चाहते हो या योग अभ्यास के द्वारा, प्राणों के द्वारा निगलना चाहते हो? तो महाराजा हनुमान ने कहा कि मैं दोनों प्रकार से उसके निगलने की प्रतिक्रिया को जानना चाहता हूँ। तो महाराजा काकभुषण्ड जी ने महर्षि लोमश मुनि से कहा कि महाराज इसका उत्तर दो। ये बाल्य युवा क्या कह रहा है? उन्होंने कहा प्रिय, वाक् तो यथार्थ है, परन्तु उत्तर आप ही दीजिए।

सूर्य विज्ञान का अनुसन्धान

महर्षि काकभुषण्ड जी ने कहा कि **बाह्य जगत में ये जो सूर्य है यह अग्नि बन करके रहता है।** ये उदय बन करके रहता है, यह भाष्कर बन करके रहता है, सूर्य के नाना पर्यायवाची शब्द हमारे वैदिक साहित्य में आते रहते हैं। परन्तु भाष्कर इसलिए कहते हैं वह भासता रहता है, सदैव प्रकाश देता रहता है, उदय इसलिए कहते हैं क्योंकि वह उदय होता है, प्रकाश को ले करके उदय होता है, इसलिए उदयी कहते हैं। वही सूर्य अदिति कहे जाते हैं क्योंकि अदिति बन करके यह ग्रहों की धारा को ले करके इस रात्रि को अपने में निगल जाता है।

सूर्य के भिन्न-भिन्न बावन रूप धारण करके उस रात्रि को अपने गर्भ में धारण कर लेता है। **तो ये जो सूर्य है इसको तुम निगलना चाहते हो, तो तुम सूर्य की किरणों के माध्यम से यन्त्रों का निर्माण करो।** महाराजा हनुमान ने कहा, प्रभु मेरी एक विज्ञानशाला है। मैं और महाराजा गणेश जी हम दोनों समुद्र के तट पर सूर्य के ऊपर अन्वेषण

कर रहे हैं। बहुत समय हो गया, अन्वेषण करते हुए, परन्तु उसकी प्रतिक्रिया को आपसे और जानना चाहते हैं। महर्षि काकभुषण्ड जी बोले, मेरे विचार में तो हे हनुमान तुम इस विद्या को निगलना चाहते हुए, इसके ऊपर तुम्हें अनुसन्धान करना होगा अथवा विचार करना होगा।

एक-एक किरण को वह अपने में शोधन कर रहे थे। महाराजा हनुमान और गणेश जी दोनों ने किसी काल में एक यन्त्र का निर्माण किया था, जो यन्त्र मुनिवरो! देखो, वह सूर्य की किरणों के साथ गति कर रहा है और सूर्य की परिक्रमा कर रहा है। वही सूर्य विज्ञान में उसकी ऊर्जा को ले करके उससे विद्युत धाराओं को ग्रहण करते यन्त्रों में लेते रहते, और मुनिवरो! देखो तो उससे वह राष्ट्र का जीवन ऊँचा बनता। मानव समाज में प्रकाश आता रहता है।

देखो महाराजा हनुमान के जीवन को दृष्टिपात किया कि उनका जीवन बड़ा विचित्र रहा है। सूर्य की किरणों के साथ एक समय यन्त्र में वह गति कर रहे थे। गति करते हुए वह सूर्य की ऊर्जा से ही इस पृथ्वी मण्डल पर गमन करना और देखो ऊर्ध्वान करना, ऊर्ध्वा में दोनों में प्रायः गति करते रहते। तो मुनिवरो! देखो, मुझे ऐसा काल स्मरण है कि वह अपने यानों में विद्यमान हो करके सूर्य की किरणों से यान गति करता था। सूर्य की किरणों से यान गति करके वे चन्द्रमा की यात्रा में र त्त हो जाते थे। कहीं वह बुद्धेश्वर की लोकों की यात्रा करने में तत्पर रहे।

योगाभ्यास से सूर्य विद्या का चिन्तन

मुझे स्मरण है काकभुषण्ड जी से चर्चा हो रही है, काकभुषण्ड जी यथोचति उनका उत्तर दे रहे हैं। काकभुषण्ड ने कहा कि तुम्हारा जीवन धन्य है। तो महाराजा हनुमान ने कहा, प्रभु मैं तरङ्गोंवाद में जाना नहीं चाहता हूँ। मैं तरङ्गों से उपराम होना चाहता हूँ। मेरा अन्तर्हृदय यह कहता है मुझे निर्णय कराइए कि हे प्रभु मैं योगाभ्यास से उसका

चिन्तन कैसे कर सकता हूँ? देखो काकभुषण्ड जी ने कहा कि प्रभु, हे राजप्रहे! हे राग विज्ञानाम्! हे हनुमान! जब यदि तुम योगाभ्यास से उसको पान करना चाहते हो, तो प्राणों का सञ्चय करना होगा, प्राणों में खेचरी मुद्रा को लाना होगा और मुद्रा को ला करके अपने अन्तर्हृदय में अपने आन्तरिक ब्रह्माण्ड में जाना होगा। और आन्तरिक ब्रह्माण्ड में जो बाह्य जगत में ब्रह्माण्ड में जो क्रिया हो रही हैं उन्हीं क्रियाओं को जब योगी अपने अन्तर्मन आत्माओं में दृष्टिपात करने लगता है, तो वह महान और पवित्रतम् प्राणों का अपने में सिञ्चन करता है। क्योंकि जितना भी संसार का ज्ञान और विज्ञान है वह मनों की धाराओं से मिल रहा है। जहाँ तक मन की उड़ान है, वहीं तक विज्ञान पञ्च महाभौतिक तत्त्वों में ज्ञान अपने में निहित रहा है अपने में रत्त होता रहा है। तो विचार आता रहता है कि अपने तक ही मानव को मानवीय मन की आभा को जानना है। मन से जब प्राण का समावेश कराया जाता है, वह अपने में सुसज्जित हो जाता है।

महान् योगेश्वर

मुनिवरो! देखो, जो योगी एक-दूसरे प्राण को पूर्व प्राण में पिरोना जानता है अथवा उसको सूत्र बनाकर के सूत्रित करना चाहता है, देखो वह महान् योगेश्वर है और बाह्य-आन्तरिक ब्रह्माण्ड दोनों का दिग्दर्शन करता हैं। योगेश्वरों की चर्चाएँ एक समय महर्षि श्वेताश्वेतर अपने आसन पर विद्यमान हो करके नागप्राण को वह आदित्य में पिरोना चाहते थे, देवव्रत में पिरोना चाहते थे। देवता तो राजप्रहे दोनों का समावेश हो करके मुनिवरो! देखो वह अपान में जब परणित हो गए, तो अपान में–अपान को समान में और समान को व्यान में, व्यान को उदान में और उदान को मुनिवरो! देखो प्राण अपान का समावेश करके तो ब्रह्माण्ड में जो ये नाना प्रकार की निहारिका दृष्टिपात आती हैं। जितनी भी प्रक्रिया हैं उन प्रक्रियाओं में से सूर्य का क्रियाकलाप हो रहा है। उन किरणों का अपने में समावेश करने वाला योगश्वर बन जाता है।

चित्त का स्वरूप

जितना भी यह जगत् है वह चित्त के मण्डल में विद्यमान है। चित्त के मण्डल में है और चित्त का मण्डल मन के साथ है। मन का समावेश उदान प्राण के साथ है, उदान प्राण का सम्बन्ध देखो अन्तरात्मा में रहता है। अन्तरात्मा से इस सबका समावेश हो करके इस ब्रह्माण्ड का खिलवाड़ बना करके, ब्रह्माण्ड को अपने में और अपने को ब्रह्माण्ड में दृष्टिपात करने लगते हैं।

महर्षि काकभुषण्ड जी और महर्षि लोमश मुनि जी का अनुष्ठान

मुझे स्मरण आता रहता है मुझे बहुत पुरातन काल की वार्ताएँ, काकभुषण्ड और लोमश जी की मैंने तुम्हें कई काल में चर्चाएँ की हैं। जब अनुष्ठान लोमश मुनि जी करते थे तो काकभुषण्ड जी कृतिका को जानते थे और जब काकभुषण्ड जी अनुसन्धान, अनुष्ठान करते तो लोमश मुनि इंगला-पिंघला दोनों का एक-दूसरे में समावेश मानव वृत्तियों में रमण करा करके उसमें वेद विप्रतियों में परणित कराते रहते थे।

सङ्कल्प शक्ति महान रहे

विचार-विनिमय क्या? काकभुषण्ड जी ने कहा हे हनुमान कि तुम योग के द्वारा यदि उस महान् सूर्य को अपने में सिञ्चन करना चाहते हो तो जानो कि देखो दस प्राण कहलाते हैं–प्राण, अपान, व्यान, उदान व समान और नाग, देवदत्त, धनञ्जय, कूर्म और कृक्कल। देखो नाग को देवदत्त में, देवदत्त को कृक्कल में, कृक्कल को स्वाति में और मुनिवरो! देखो एक-दूसरे के प्राणों को प्राण की समावेशता दृष्टिपात आती रहती है। यह सत्सङ्ग सङ्कल्प शक्ति के द्वारा ये प्रतिक्रियाएँ होती रहती हैं परन्तु देखो वह अपान में प्राण को, अपान में–अपान को व्यान में, व्यान को समान में और समान को उदान में, उदान तो चित्त के मण्डल का एक दृश्य कहलाता है। **उदान में तो चित्त मण्डल रहता है** जहाँ जन्म-जन्मांतरों के संस्कारों को योगेश्वर अभ्यास करके अपने

में दृष्टिपात करता रहता है। कैसा यह विचित्र जगत् है, **यह अपान और प्राण का कैसा जगत् है।**

जब प्राण और अपान को योगेश्वर अपने विज्ञानशाला में सम्मिलान करता है, अणु और परमाणु का मिलान करने लगता है, तो मुझे स्मरण आता रहता है, मैंने बहुत चर्चाएँ की हैं परन्तु दृष्टिपात भी किया गया है। एक समय दण्डक वन में एक ऋषि रहते थे, जिनका नाम विभाण्डक कहलाता था। महर्षि विभाण्डक मुनि महाराज के मानो पुत्र एक और जिनके नाना ऋषिवर जिसमें मुनिवरो! देखो, महर्षि सोम और महर्षि पारित्व भी उनके समीप रहते थे। एक समय वह अपने में अन्वेषण कर रहे थे। महर्षि विभाण्डक मुनि महाराज अपने में एक-दूसरे में समावेष्ठा चाहते थे। प्राण को चित्त के मण्डल में, चित्त के मण्डल को देखो समस्त समष्टि में रत्त करना चाहते हैं। जहाँ वृष्टि और समष्टि का समावेश होता है, वहीं तो योगी को इस ब्रह्माण्ड का दिग्दर्शन होता है। तो जब ऋषिवर अपने में अन्वेषण, अनुसन्धान एक-दूसरे में समावेश की चर्चाएँ होती हैं। तो प्रत्येक मानव को अपने में महान् बनने की आवश्यकता है। प्रत्येक मानव को जीवन की धारा को अपनाने की आवश्यकता है जिससे मानवीय जीवन एक पवित्रतम् बनता चला जाता है।

आओ मेरे पुत्रो! मैं कहाँ चला गया हूँ। मैं गम्भीर विचारों में तुम्हें ले जाना नहीं चाहता हूँ। विचार तो—मैंने तुम्हें कई काल में चर्चाएँ की थीं। मुनिवरो! देखो जब सङ्कल्प शक्ति के द्वारा मानव ऊर्ध्वागति को प्राप्त होता है, इसलिए मानव की सङ्कल्प शक्ति में एक महानता रहनी चाहिए। सङ्कल्प शक्ति से ही मानव जीवन को ऊँचा बनाता है। सङ्कल्प शक्ति से ही मुनिवरो! देखो अपने को जगत् में समावेश कर लेता है। तो परिणाम क्या? मुनिवरो! देखो, वह जो समावेशता है, विचार की महानता है, उन विचारों में मानव को रत्त रहना चाहिए। जिससे मानव का अन्तर्हृदय वैज्ञानिकता में परणित करता हुआ सूर्य की किरणों में रत्त रहकर के उसमें गति करने वाला हो। तो मैं आज विशेष

चर्चाएँ न करता हुआ, विशेष वार्ता हम प्रकट नहीं करना चाहते। विचार यह देना चाहते हैं कि हमारा जीवन उस विज्ञान में रत्त रहे।

महर्षि काकभुषण्ड जी की अनुभव की चर्चाएँ

